प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय हवेली खड़गपुर, मुंगेर

Primary Teacher Education college (P.T.E.C.) Haweli Kharagpur, Munger

शरद जैन B.E.S. (शोध एवं प्रशिक्षण)
प्रभारी प्राचार्य

शिक्षा विभाग
Education Department

Email-ptechavelikharagpur@gmail.com
Mob. No. - 9873750721

कार्यालय आदेश

(अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण)

निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, महेन्द्रू, पटना के ज्ञापांक–1212 दिनांक–13.06.2023 के द्वारा संस्थान में दिनांक–04.07.2023 से विभिन्न बैचों में संचालित होने वाली पाँच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न मदों के लिए सामाग्रियों की आपूर्ति एवं सेवा प्रदान करने हेतु कोटेशन के आधार पर GST पंजीकृत वेंडर/एजेंसी का चयन करने के निदेश प्राप्त हुए हैं।

अतः उपरोक्त आलोक में संस्थान में दिनांक–04.07.2023 से विभिन्न बैचों में संचालित होने वाली पाँच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, महेन्द्रू, पटना के ज्ञापांक–1212, दिनांक–13.06.2023 के आलोक में प्रशिक्षण कार्यक्रम में सामग्रियों की आपूर्ति एवं सेवा प्रदान करने हेतु GST पंजीकृत वेंडरों/एजेंसियों से दिनांक..30.06.23. के अपराह्न 05:00 बजे तक संस्थान कार्यालय में बंद लिफाफे में हाथों–हाथ अथवा रजिस्टर्ड डाक/स्पीडपोस्ट माध्यम से कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

प्रशिक्षण में सामग्रियों की आपूर्ति एवं प्रदान की जाने वाली सेवा जिसके लिए कोटेशन आमंत्रित किया जाता है उसकी सूची निम्नांकित है।

क्र०	विवरण
01	भोजनादि– सुबह का नाश्ता (चाय सहित), सुबह का नाश्ता (चाय सहित), दोपहर का भोजन, रात्रि का भोजन, चाय , बिस्कुट।
02	आवासन
03	प्रशिक्षण सहायक सामग्री एवं स्टेशनरी/पेन/फोल्डर/नोट/पैड/संदर्भ सामग्री
04	आकस्मिकता (बैनर, I-Card Certificate), स्वीपर, प्राथमिक उपचार/ दवाई/साबुन /झाडू/फिनाईल/जग/बाल्टी/हैण्ड–वाश/मच्छरदानी/ऑलआउट/मच्छर अगरबती/ लायजॉल/ फोटो कॉपी/अखबार/अध्ययन सामग्री/ A4 Size Paper/Plain Paper/ Report Printer cartridge Writing/ Publication/Drinking water, Card Board, Sticky Notes and MTS Sound System Projector जेनेरटर प्रशिक्षण हॉल व मेस हेतु कुर्सी टेबुल, दर्री इत्यादि (GST सहित नियमानुसार)

उपरोक्त सभी कार्य एक ही वेंडर/एजेंसी को आवंटित किया जाना है। सामग्रियों की आपूर्ति एवं सेवा प्रदान करने हेतु कोटेशन प्रति प्रशिक्षु प्रति दिवस की दर से उपलब्ध कराया जायेगा एवं उक्त सामग्रियों की आपूर्ति एवं सेवा प्रदान करने हेतु प्रति प्रशिक्षु प्रति दिवस की दर से न्यूनतम राशि अंकित करने वाले वेंडर/एजेंसी का चयन उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु करते हुए कार्य आवंटित किया जायेगा। उपरोक्त सभी कार्य एक ही वेंडर/एजेंसी को आवंटित किया जाना है।

चयनित वेंडर/एजेंसी द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपरोक्त मदों में अंकित सामग्रियों एवं सेवा की गुणवत्ता निर्धारित मानक से असंतोषजनक अथवा त्रुटिपूर्ण रहने की स्थिति में संस्थान के प्राचार्य के पास संबंधित वेंडर/एजेंसी को कभी भी आवंटित उक्त कार्य को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित होगा।संबंधित वेंडर/एजेंसी को कार्य आवंटन के दो दिवसों के अंदर इस संबंध में लिखित शपथ–पत्र अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को प्रदान करना होगा।

उक्त कार्य हेतु GST पंजीकुत वेंडर/एजेंसियो द्वारा कोटेशन प्रदान करने की दिनांक....30.06.23... के अपराह्न 05:00 बजे तक निर्धारित है तथा उसके उपरांत प्राप्त कोटेशन पर विचार नहीं किया जाएगा।

सभी प्राप्त कोटेशनों को संस्थान की केन्द्रीय कार्यकरिणी/आंतरिक समिति के समक्ष दिनांक–01.07.2023 के अपराह्न 01:00 बजे खोला जायेगा, जिसमें कोटेशन प्रदान करने वाले वेंडर/एजेंसी के संचालक अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।।

अधोहस्ताक्षरी के पास इस कोटेशन की शर्तो में संशोधन अथवा इसे रद्द करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

ह0/–
for प्रभारी प्राचार्य
प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
हवेली खड़गपुर, मुंगेर।

ज्ञापांक –....186..../, हवेली खड़गपुर, मुंगेर, दिनांक 26/06/23 ।
प्रतिलिपि– लोक सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

26.06.23
for प्रभारी प्राचार्य
प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
हवेली खड़गपुर, मुंगेर।

Scanned with OKEN Scanner